an>

Title: Need to conduct CBI inquiry into the alleged cheating of crores of rupees by a company in Jadugoda in Jamshedpur Parliamentary Constituency.

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): **अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे शून्य काल में महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।**

महोदया, शारदा ग्रुप द्वारा निवेशकों से ठगी के मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा कि यूरीनियम के लिए मशहूर हमारे संसदीय क्षेत्र जादूगोड़ा में राजेयवम चीट फण्ड कम्पनी द्वारा अनुमानित 15 सौ करोड़ का एक मामला उजागर हुआ है। शारदा घोटाले में बड़े-बड़े पूंजीपतियों का पैसा था, लेकिन इस में गरीब, मजदूर, किसान और छोटे-मोटे दुकान लगाने वाले लोगों का पैसा है। एक लाख रुपये पर पांच हजार रुपये प्रति माह ब्याज दर देने के चलते लोगों ने सारी पूंजी उस पर लगा दी। स्थानीय पुलिस ने इतने समय के बाद भी अभी तक* को गिरफ्तार नहीं किया है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि 15 सौ करोड़ रुपये के इस चिट फण्ड घोटाले की जांच सीबीआई से करवायी जाए।